# कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

वन भवन–1, हजारीबाग, 825301 (झारखण्ड)

E-mail: dfo-hazaribagheast@gov.in; dfohazaribagheast@gmail.com


पत्रांक : 2110 दिनांक : 21/08/2021

सेवा में,

महाप्रबंधक,
डेडिकेडेट फ्रेड कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि0,
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
33/1, N. Road, Metro Rail Bhawan, 10th Floor, Kolkata-700071

**विषय :—** **विशेष रेलवे लाईन निर्माण परियोजना डेडिकेडेट फ्रेड कॉरिडोर (DFCCIL) अंतर्गत मौजा सरियाखुर्द में 1.758 हे0 वन भूमि के अपयोजन के संबंध में।**

प्रसंग :— आपका पत्रांक 1982 दिनांक 26.07.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के क्षेत्राधीन वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत् विशेष रेलवे लाईन निर्माण परियोजना डेडिकेडेट फ्रेड कॉरिडोर (DFCCIL) अंतर्गत मौजा सरियाखुर्द में 1.758 हे0 वन भूमि के अपयोजन का प्रस्ताव इस कार्यालय में आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त है।

प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में दिनांक 19.08.2021 को प्रस्तावित स्थलों एवं प्रतिवेदित स्थलों पर अवस्थित वृक्षों की गणना सूची के आधार पर स्थलीय निरीक्षण वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर वन प्रक्षेत्र एवं अधीनस्थ कर्मचारियों तथा आपके अधिनस्थ Dy. PM/Electrical -II DFCCIL /Dhanbad के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित कमियां/त्रुटियां पायी गई :—

1. प्रतिवेदित स्थल के सीमांकन हेतु अस्थायी पीलर अवस्थित नहीं किये गये हैं।
2. प्रतिवेदित स्थल पर अवस्थित कई वृक्ष पर अंकित की गई वृक्ष संख्या मिट गई है/द्रष्टव्य नहीं है तथा कई वृक्षों पर संख्या अंकित नहीं की गई है। साथ ही वृक्षों की प्रजाति मार्किंग सूची में गलत अंकित की गई है। अतः संशोधित मार्किंग सूची submit किया जाना है।
3. प्रस्ताव के साथ Purpose wise-Item wise breakup of forest land संलग्न नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ Layout Plan of the Project संलग्न नहीं है।
5. प्रस्ताव का Justification for location in forest area परियोजना अनुरूप नहीं है। इसमें संशोधन की आवश्यकता है।

अतः उक्त तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि उपरोक्त कमियों/त्रुटियों का निराकरण करते हुए निराकरण प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया जाए, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

आपका विश्वासी

SChandra 21-08-2021

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

21.8.21

E:\HZB EAST DIVISION\F.C. ACT\DEDICATED FRIGHT CORIDOR\LTR TO DFCCI 21.08.2021.doc